राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

सत्यमेव जयते

संचिका सं० न०नि०–50–144/2022 2706

प्रेषक,

शम्भु कुमार,
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–जिला पदाधिकारी।
**बांका, बक्सर, गयाजी, सारण एवं सीवान।**

दिनांक 13 जून, 2025

विषयः– नगरपालिका उप निर्वाचन–2025 के आलोक में e-Voting से संबंधित प्रचार–प्रसार करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि नगरपालिका उप निर्वाचन–2025 के निर्वाचन में प्राथमिकता के आधार पर वरिष्ठ नागरिक, शारीरिक रूप से दिव्यांग, असाध्य रोग से ग्रसित, गर्भवती महिला एवं अप्रवासित मजदूर मतदाता को e-Voting की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस हेतु विकसित **eVoting (SEC BIHAR) APP** के बारे में आम जनता को जागरूक करने तथा e-Voting से संबंधित प्रकियाओं की जानकारी देना अनिवार्य है।

इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित विडियो क्लिप एवं पोस्टर/बैनर का डिजाइन प्रारूप mail के माध्यम से आपको उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके प्रचार–प्रसार का माध्यम निम्नवत होगा :–

1. आडियो/विडियो वैन प्रमोशन ले आउट के माध्यम से
2. होडिंग/बैनर के माध्यम से
3. Pamplet के माध्यम से।
4. फ्लैक्सी/स्टेन्डी के माध्यम से।
5. अन्य उचित माध्यम से।

वैन के माध्यम से प्रचार–प्रसार के मामले में निर्वाची पदाधिकारी निम्न बातों का ध्यान रखेंगेः–

क. प्रत्येक वार्ड के लिए कम से कम एक घंटे के हिसाब से वैन की संख्या आकलित कर उसे संबंधित वार्ड के साथ संलग्न कर दिया जाए।
ख. वैन के साथ एक अनुभवी टीम गठित कर संलग्न किया जाए जिसमें एक तकनीकी दक्ष व्यक्ति, निर्वाचन के अनुभवी व्यक्ति एवं अन्य रहेंगे।
ग. वैन प्रत्येक दिन निर्धारित स्थल पर निर्धारित समय में जाए
घ. संलग्न टीम e-Voting का उद्देश्य एवं e-Voting प्रकिया तथा इसके लाभ से मतदाताओं का अवगत कराते हुए e-Voting के लिए इच्छुक मतदाता को उनका पंजीकरण कराने में सहयोग करेंगे।

e-Voting के प्रचार–प्रसार की पूरी जिम्मेवारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (DIO) एवं IT Manager की होगी तथा जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारी प्रचार–प्रसार का अनुश्रवण करेंगे।

उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में निदेशानुसार अनुरोध है कि नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025 के आलोक में e-Voting से संबंधित आम जनता को जागरूक करने हेतु प्रचार–प्रसार कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,
13/6/25
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com




D:/<Shiv>Print Media 2022


राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR
नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025
आपका वोट, आपकी ताकत!
ई-वोटिंग: समावेशी लोकतंत्र की ओर एक कदम
रजिस्टर कीजिए, वोट दीजिए। हर क्लिक बनाए बेहतर भविष्य।
कभी भी, कहीं से भी वोट करें! लाइन में नहीं, अब ऑनलाइन।
स्मार्ट नागरिक, स्मार्ट वोटिंग। एक क्लिक से लाएं बड़ा बदलाव।
सुरक्षित । पारदर्शी । सशक्त
आपकी आवाज़ सुरक्षित है। आपका निर्णय निर्णायक है।
मत भूलिए – आज ही रजिस्टर करें!
आयोगकर्ता सबसे पहले E-VOTING SECBIHAR मोबाइल आधिकारिक ऐप को गूगल प्लेस्टोर से आसानी से डाउनलोड करें, लिंक निम्नवत् है:-
https://play.google.com/store/apps/details?id=ser.dhanu.sec_evoting
मतदाता निबंधन/पंजीकरण की अवधि 13.06.2025 से 22.06.2025 तक
मतदान तिथि 28 जून 2025
SECBIHAR
सम्पर्क करे टोल फ्री नंबर -1800-3457-243
www.sec.bihar.gov.in
VOTE
Help Line No
1800-3457-243


राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
Voting
#E-VOTING


Help Line No
1800-3457-243


राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR
# E-Voting
VOTE
आयोग ने कर ली है तैयारी।
अब है "ई-वोटिंग" की बारी

बैनर - 1

मतदाता निबंधन/पंजीकरण की अवधि 13.06.2025 से 22.06.2025 तक

# मतदान तिथि 28 जून 2025

"आप जहाँ भी हों, जैसे भी हों अब वोट ज़रूर करें !"
हमारा इरादा, सशक्त लोकतंत्र का वादा

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR
नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025

**लोकतंत्र तभी मजबूत बनता है जब हर आवाज़ गिना जाए। तो अब टालमटोल नहीं, मतदान करें – ऑनलाइन या ऑफलाइन**

**क्या आप बीमार हैं? या फिर मतदान पंक्ति में खड़ा होने में है अक्षम, यात्रा टिकट की परेशानी या फिर अवकाश की उलझन खत्म, अब VOTE करना है...**

- न लाइन में लगना
- न लंबा सफर
- न भीड़ का डर




अब मोबाइल से सुरक्षित और विश्वसनीय मतदान

# # E- VOTE




*"अब घर बैठे भी मतदाता अपने मताधिकार का झंडा लहरा सकते है!"*

*राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार प्रयोगरत है एक सशक्त कदम की ओर*

*अब बुजुर्ग, दिव्यांग, असाध्य रोग, गर्भवती महिला एवं प्रवासी जैसे मतदाता भी प्राथमिकता के आधार पर वोट कर सकते हैं- घर बैठे ई-वोटिंग के ज़रिए।*

**यह व्यवस्था विशेष रूप से लागू की गई है नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025 में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए।**

SECBIHAR

सम्पर्क करे
टोल फ्री नंबर -1800-3457-243

www.sec.bihar.gov.in

बैनर - 2

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR
नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025

# आपका वोट, आपकी ताकत!



## ई-वोटिंग: समावेशी लोकतंत्र की ओर एक कदम

रजिस्टर कीजिए, वोट दीजिए।
हर क्लिक बनाए बेहतर भविष्य।

कभी भी, कहीं से भी वोट करें!
लाइन में नहीं, अब ऑनलाइन।

स्मार्ट नागरिक, स्मार्ट वोटिंग।
एक क्लिक से लाएं बड़ा बदलाव।

# सुरक्षित । पारदर्शी । सशक्त




आपकी आवाज़ सुरक्षित है। आपका निर्णय निर्णायक है।

मत भूलिए – आज ही रजिस्टर करें!

उपयोगकर्ता सबसे पहले E-VOTING SECBIHAR मोबाइल आधिकारिक ऐप को गुगल प्लेस्टोर से आसानी से डाउनलोड करें, लिंक निम्नवत् है:-

**https://play.google.com/store/apps/details?id=ser.dhanu.sec_evoting**

**मतदाता निबंधन/पंजीकरण की अवधि 13.06.2025 से 22.06.2025 तक**


## मतदान तिथि 28 जून 2025




**SECBIHAR**

सम्पर्क करे
टोल फ्री नंबर -1800-3457-243

**www.sec.bihar.gov.in**




## eVoting (SEC BIHAR)
## मोबाइल ऐप सुविधा वाले मतदाता समूह

• दिव्यांग जनों (PWD) • गर्भवती महिलाएं • वरिष्ठ मतदाता (80+) • प्रवासी श्रमिक • गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मतदाता • अन्य

### eVoting (SEC BIHAR) मोबाइल ऐप की विशेषताएं

यह ऐप स्मार्टफोन (एंड्रॉइड मोबाइल) के माध्यम से संचालित है, जिसमें मतदाता पंजीकरण एवं पंजीकरण के उपरांत घर बैठे मतदान करने की सुविधा उपलब्ध है। जैसे स्मार्टफोन आधारित मतदान ऐप, बहु-कारक पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण की सुविधा, भाषा चयन सुलभता (हिन्दी एवं अंग्रेजी), त्वरित और सुविधाजनक मतदान प्रक्रिया, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता, मतों की गिनती में सटीकता और परिणाम में निष्पक्षता

### ऐसे करें eVoting (SEC BIHAR) App डाउनलोड

उपयोगकर्ता सबसे पहले ई-वोटिंग SECBIHAR मोबाइल आधिकारिक ऐप को गुगल प्लेस्टोर से आसानी से डाउनलोड करें, लिंक निम्नवत् है...

https://play.google.com/store/apps/details?id=ser.dhanu.sec_evoting

*राज्य निर्वाचन आयोग के आधिकारिक वेबसाइट से भी ई -वोटिंग ऐप डाउनलोड किया जा सकता है

### eVoting (SEC BIHAR) App पंजीकरण प्रक्रिया

**चरण-1 :** ई-वोटिंग (SEC BIHAR) मोबाइल ऐप को सफलतापूर्वक डाउनलोड करने के उपरांत मोबाइल में पंजीकरण से पहले मतदाता को की ई - वोटिंग प्रक्रिया के लिए सहमति(consent) हेतु चेक बॉक्स पर क्लिक कर Agree/ सहमति बटन पर क्लिक करेंगे। नगरपालिका उप निर्वाचन 2025 से संबंधित पंजीकरण की अवधि एवं मतदान की तिथि प्रदर्शित होगी। इसके उपरांत निम्न प्रक्रिया को क्रमवार संपादित करें-

**चरण-2 :** पंजीकरण हेतु "रजिस्ट्रेशन" बटन वाले विकल्प पर क्लिक करें।

**चरण-3 :** मोबाइल के स्क्रीन पर प्रदर्शित दिशा-निर्देशों को

ध्यानपूर्वक पढ़ें और “OK” बटन पर क्लिक करें।

**नोट- :** इस चरण में उपयोगकर्ता को सेल्फी कैप्चर के लिए कैमरा को 'अनुमति दें' पर क्लिक कर अनुमति देनी होगी।

**चरण-4 :** इसके बाद डेटा साझा करने के लिए अपनी सहमति देने हेतु “Confirm” बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें।

**चरण-5 :** वोटिंग (मतदान वाले) स्मार्टफोन का सत्यापन की प्रक्रिया

- अपने मतदाता पहचान पत्र के अनुसार ही EPIC नंबर (मतदाता पहचान पत्र संख्या) को सावधानीपूर्वक दर्ज करें।
- eVoting ऐप पंजीकरण संबंधित उपयोग हेतु 10 अंकों का मोबाइल नंबर दर्ज करें और “सबमिट” पर क्लिक करें।
- अब वोटिंग स्मार्टफोन का सफल सत्यापन होने पर, “डिवाइस प्रमाणित” संदेश प्रदर्शित होगा।

**नोट- :** मोबाइल नेटवर्क अथवा अन्य प्रविष्टियों के कारण OTP SMS प्राप्त नहीं होने की दशा में पुनः जांच करने के लिए "रद्द करें" दबाएं और OTP पुनः भेजने वाले विकल्प "पुनः प्रयास करें" के माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करें।

**नोट- :** एक मोबाइल से दो मतदाता का पंजीकरण/निबंधन किया जा सकता है।

**चरण-6 :** मतदाता सत्यापन : वोटिंग (मतदान वाले) स्मार्टफोन की सफलतापूर्वक सत्यापन के बाद मतदाता की जानकारी पुष्टि के लिए प्रदर्शित की जाती है।

- यदि जानकारी सही हो तो "पुष्टि करें" पर क्लिक करें।
- यदि सही न हो तो "अस्वीकार करें" पर क्लिक करें।
- पुष्टि होने पर ही "मतदाता सत्यापित है" संदेश दिखाई देता है।

**चरण-7 :** लाइव सेल्फी

- फोटो कैप्चर करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और “अपनी फोटो कैप्चर करने के लिए यहां क्लिक करें” बटन पर क्लिक करें। फोटो कैप्चर के दौरान अपना चेहरा पैटर्न के भीतर रखें और “सबमिट” पर क्लिक करें।
- यदि आप फोटो फिर से लेना चाहते हैं तो “रीटेक” पर क्लिक करें।

*सफलतापूर्वक फोटो सत्यापन के बाद पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाती है और सफल पंजीकरण के संबंध में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस प्राप्त होगा। इसके बाद उपयोगकर्ता होम पेज अथवा पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित प्रतिक्रिया (फीडबैक) दे सकते हैं।*

**नोट- :** पहला पंजीकरण/निबंधन पूर्ण होने के बाद नये सिरे से दूसरे मतदाता का निबंधन की प्रक्रिया पूरी होगी।



## eVoting
## हेतु चरणवार प्रक्रिया

**चरण-1 :** ई-मतदान के लिए नगरपालिका आम/उप निर्वाचन 2025 की पंजीकरण अवधि और मतदान की तिथि का विवरण जांच करें।

**नोट- :** चरण 2 से चरण 5 तक की प्रक्रिया पंजीकरण की भांति ही सम्पन्न होगी। जबकि चरण 6 में लाइव सेल्फी के माध्यम से मतदाता की पहचान सत्यापित होगी।

**चरण-7 :** मतदाता विवरण पुष्टि

- सफल मतदाता प्रमाणीकरण संबंधित विवरण (मतदाता का नाम एवं मतदाता पहचान संख्या (Epic No.) ) का कृपया "Confirm" बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। यदि नहीं, तो "इनकार करें" पर क्लिक करें।

**चरण-8 :** डिजिटल मतपत्र प्रदर्शन और मतदान

मतदाता विवरण की पुष्टि होने पर स्क्रीन पर मतदान हेतु पदवार विवरण प्रदर्शित होगा और चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची दिखाई देगी। पुनः मनपसंद उम्मीदवारों के चयन और मतदान के लिए स्क्रॉल करें और विभिन्न पदों के लिए पसंदीदा अभ्यर्थी के सामने "वोट" बटन पर क्लिक कर मतदान करें। ध्यान रहे सभी पदों के लिए मतदान पहले मतपत्र के प्रदर्शित होने के 5 मिनट के भीतर पूरा किया जाना है।

**चरण-9 :** मतदान पर्ची का डिजिटल प्रदर्शन (वीवीपीएटी)

प्रत्येक पद के लिए किए गए मतदान को दर्शाने वाली VVPAT पर्ची 20 सेकंड के लिए आपके जानकारी के लिए प्रदर्शित की जाएगी। मतदान की सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर “आपका मतदान सफलतापूर्वक दर्ज हुआ” का संदेश प्रदर्शित होता है और इससे संबंधित आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक संदेश (SMS) भी प्राप्त होगा।

**नोट- :** मतदान के उपरांत “Go to home page” (मुख्य पृष्ठ पर वापसी) अथवा मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रतिक्रिया (Feed-back) देने का विकल्प चयन कर सकते हैं।




1800-3457-243
www.sec.bihar.gov.in
SECBIHAR

## राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
## STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

# नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025

# आपका वोट, आपकी ताकत!

ई-वोटिंग: समावेशी लोकतंत्र की ओर एक कदम




रजिस्टर कीजिए, वोट दीजिए।
हर क्लिक बनाए बेहतर भविष्य।

कभी भी, कहीं से भी वोट करें!
लाइन में नहीं, अब ऑनलाइन।

स्मार्ट नागरिक, स्मार्ट वोटिंग।
एक क्लिक से लाएं बड़ा बदलाव।

## सुरक्षित । पारदर्शी । सशक्त

आपकी आवाज़ सुरक्षित है। आपका निर्णय निर्णायक है।

मत भूलिए – आज ही रजिस्टर करें!

उपयोगकर्ता सबसे पहले E-VOTING SECBIHAR मोबाइल आधिकारिक ऐप को गुगल प्लेस्टोर से आसानी से डाउनलोड करें, लिंक निम्नवत् है:-

https://play.google.com/store/apps/details?id=ser.dhanu.sec_evoting

**मतदाता निबंधन/पंजीकरण की अवधि 13.06.2025 से 22.06.2025 तक**

**मतदान तिथि 28 जून 2025**






सम्पर्क करे
टोल फ्री नंबर -1800-3457-243

SECBIHAR

www.sec.bihar.gov.in